C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:42 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:38 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 268 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 22 अप्रैल 2026

अजमेर दरगाह में धक्का देकर ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### कपाट खुलने पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं



देहरादून। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर पीएम मोदी ने शुभकामनाएं देने के साथ ही एक्स पर लिखा-बाबा केदार के दर्शन समेत चारों धामों की यह पावन यात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का एक भव्य उत्सव है। उन्होंने श्रद्धालुओं से पांच सकल्प लेने की अपील की। जय बाबा केदार की जयकारों के साथ आज केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसी के साथ केदारनाथ यात्रा का शुभारंभ भी हो गया है। सीएम धामी ने जहां केदारनाथ धाम में कपाटोद्घाटन के दौरान पूजा-अर्चना की, वहीं पीएम मोदी शुभकामनाएं देते हुए श्रद्धालुओं से पांच संकल्प अपनाने की अपील की।

### सट्टा संचालन का भंडाफोड़, एक अभियुक्त गिरफ्तार

हल्द्वानी। कोतवाली बनभूलपुरा क्षेत्र में पुलिस की सतर्क गश्त के दौरान सट्टा संचालन का मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने मौके से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, सहित हजारों की नगदी बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बनभूलपुरा थाना पुलिस बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान किदवई नगर होते हुए रेलवे स्टेशन पार्किंग के पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि पर उनकी नजर पड़ी। पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद लोग भागने लगे, लेकिन बीच में बैठकर कुछ लिख रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद शावेज निवासी ताज मस्जिद के पास नई बस्ती, बताया। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टा पर्ची, तथा 1660 रुपए की नगदी बरामद हुई पूछताछ में सट्टे बाज ने स्वीकार किया कि वह सट्टा लगवाकर अपना खर्च चलाता है।

## केदारनाथ धाम के कपाट खुले, सीएम धामी ने की पूजा

देहरादून
हमारे संवाददाता

केदारनाथ धाम के कपाट खुलते ही पूरा धाम हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। इसी के साथ केदारनाथ यात्रा का शुभारंभ हो गया। कपाटोद्घाटन के सैकड़ों श्रद्धालु साक्षी बने। केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह आठ बजे शुभ मुहूर्त में विधि-विधान और पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलते ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव और जय बाबा केदार के जयघोषों से गूंज उठा। हजारों श्रद्धालु इस पावन क्षण के साक्षी बने। प्रदेश के मुखिया सीएम पुष्कर सिंह धामी ने





धाम पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं पीएम मोदी ने श्रद्धालुओं से पांच संकल्प अपनाने की अपील की। बाबा केदार के धाम को को करीब 51 कुंतल फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु पहले ही धाम पहुंच चुके थे और कपाट खुलने के इस अद्भुत क्षण साक्षी बने। इससे पहले बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली मंगलवार शाम लगभग 4:30 बजे केदारनाथ धाम पहुंची। ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से रवाना हुई यह डोली 17 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा तय करते हुए जंगलचट्टी, रामबाड़ा, लिनचोली और बेस कैंप से होकर केदारपुरी पहुंची। धाम पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर डोली का भव्य स्वागत किया। डोली ने मंदिर की परिक्रमा कर भंडार गृह में प्रवेश किया, जहां विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस दौरान 8वीं सिखलाई रेजीमेंट के बैंड की मधुर धुनों और डमरू की गूंज से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और पुलिस व आईटीबीपी के जवान तैनात रहे। कपाट खुलने के साथ ही केदारनाथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा केदार की भक्ति में डूबे नजर आए। पीएम मोदी ने अपने संदेश में पीएम मोदी ने श्रद्धालुओं से पांच संकल्प अपनाने की अपील की। इनमें स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण, सेवा और सहयोग की भावना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और यात्रा के नियमों का पालन करना शामिल है।

आज पहलगाम हमले की बरसी: निर्दोषों को याद किया

## पीएम मोदी बोले- आतंक के आगे भारत कभी नहीं झुकेगा

नई दिल्ली
एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर देश एक बार फिर भावुक हो उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जान गंवाने वाले निर्दोषों को श्रद्धांजलि देते हुए आतंक के खिलाफ भारत के अडिग संकल्प को दोहराया, वहीं सेना ने भी कड़ा संदेश दिया।

पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भावुक संदेश साझा करते हुए उन निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने इस हमले में अपनी जान गंवाई थी। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि इस भयावह हमले में जान गंवाने वाले लोगों को कभी भुलाया नहीं जाएगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति भी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत किसी भी प्रकार के आतंकवाद के सामने झुकने वाला नहीं है। उन्होंने दोहराया कि आतंकियों की साजिशें कभी सफल



नहीं होंगी और देश पूरी मजबूती से उनका सामना करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पहलगाम में हुए आतंकी हमले की बरसी पर जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को हुए इस कायरतापूर्ण हमले में जिन निर्दोष लोगों ने अपनी जान गंवाई, उन्हें देश कभी नहीं भूल सकता। राजनाथ सिंह ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दर्द को पूरा देश साझा करता है। उन्होंने कहा कि यह घाव भारत की स्मृतियों में हमेशा ताजा रहेगा।

रक्षा मंत्री ने अपने संदेश में यह भी कहा कि भारत ने दशकों से सीमा पार आतंकवाद का सामना किया है, लेकिन आज देश की प्रतिक्रिया पहले से कहीं अधिक मजबूत, स्पष्ट और निर्णायक है। उन्होंने दो टूक कहा कि भारत की एकता और नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश का जवाब पूरी शक्ति और दृढ़ता के साथ दिया जाएगा। राजनाथ सिंह ने जोर देते हुए कहा कि भारत अब हर चुनौती का जवाब मजबूती से दे रहा है। आतंकवाद या देश की एकता को चुनौती देने वाली किसी भी हरकत को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## उत्तराखंड व यूपी में प्रचंड गर्मी का अलर्ट, इन जिलों में लू चलने की चेतावनी

देहरादून
हमारे संवाददाता

भीषण गर्मी ने उत्तराखंड के तराई क्षेत्रों समेत यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों ने अपने पांव पसार लिए हैं। बुधवार की सुबह सात बजे से ही तीखी धूप लोगों को परेशान कर रही है। बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश से सटे कुछ दक्षिणी जिलों में गर्म हवा और लू के थपेड़े और तपिश लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए यूपी के 32 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया है।

पूर्वानुमान है कि फिलहाल 25 अप्रैल तक प्रचंड गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मंगलवार को 44.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बांदा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं 43.4 डिग्री के साथ सुल्तानपुर प्रदेश में दूसरे नंबर पर रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यूपी में शुष्क पछुआ हवाओं और मौसम के प्रभाव से कई जिलों में लू चलने की स्थिति बन गई है। 26 अप्रैल से नए विक्षोभ से बादलों की सक्रियता बढ़ सकती है।

**इन जिलों के लिए है लू की चेतावनी:** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर, हल्द्वानी देहरादून, हरिद्वार व यूपी के प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, पीलीभीत, शाहजहांपुर व आस पास के क्षेत्र ।



## मदरसन कंपनी में श्रमिक-प्रबंधन विवाद सुलझा, कामकाज शुरू

लालकुआं
हमारे संवाददाता

क्षेत्र की स्थित निजी कंपनी मदरसन में 20 अप्रैल से श्रमिकों एवं प्रबंधन के बीच उत्पन्न विवाद अब सुलझ गया है। इस मामले को लेकर 20 अप्रैल को दोनों पक्षों के बीच वार्ता आयोजित की गई, जिसमें श्रम विभाग के प्रतिनिधि, जिला प्रशासन तथा पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

विवाद के समाधान के प्रयासों के तहत 21 अप्रैल को पुनः बैठक आयोजित की गई। सकारात्मक बातचीत के बाद श्रमिकों और प्रबंधन के बीच सहमति बन गई, जिसके चलते श्रमिकों ने दोबारा कार्यभार संभाल लिया है। फिलहाल कंपनी में



कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। एहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## ईरान युद्ध से आर्थिक दबाव में एशिया के कई देश, फैक्ट्रियां ठप

नई दिल्ली
एजेंसी

ईरान में 28 फरवरी से शुरू हुआ युद्ध एशिया-प्रशांत इलाके पर उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से और ज्यादा असर डाल रहा है। शुरुआत में लगा था कि तेल और गैस की कमी का असर धीरे-धीरे दिखेगा, लेकिन हकीकत में कई देशों की अर्थव्यवस्था और आम जिंदगी पर अचानक बड़ा झटका लगा है। कई विशेषज्ञ इसकी तुलना कोविड जैसे बड़े संकट से कर रहे हैं।




भले ही जल्द शांति समझौता हो जाए, लेकिन इस पूरे क्षेत्र पर इसका असर लंबे समय तक रहने वाला है। आने वाले महीनों में उड़ानें रद्द होने, खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने, फैक्ट्रियों के रुकने, सामान की सप्लाई में देरी और बाजारों में रोजमर्रा की चीजों की कमी देखने को मिल सकती है। इसमें प्लास्टिक बैग, इंस्टेंट नूडल्स, वैक्सीन, सिरिंज, लिपस्टिक, माइक्रोचिप और स्पोर्ट्सवियर जैसी चीजें भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मिडिल ईस्ट के रास्तों से व्यापार कुछ और हफ्तों तक बाधित रहा, तो कई देशों में हालात बिगड़ सकते हैं, अशांति फैल सकती है और मंदी आ सकती है। कई कंपनियां दिवालिया होने के कगार पर हैं और सरकारें महंगाई को काबू में रखने के लिए भारी कर्ज ले रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, साल के अंत तक एशिया में लाखों लोग गरीबी में जा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक, दुनिया की अर्थव्यवस्था लगभग हर जगह धीमी हो रही है क्योंकि दुनिया के करीब 20प्रतिशत तेल की सप्लाई बाजार से बाहर हो गई है। मिडिल ईस्ट से आने वाला तेल-गैस रुकने से पूरे एशिया की सप्लाई चेन हिल गई है।

एशिया-प्रशांत पर सबसे ज्यादा असर इसलिए पड़ा क्योंकि यह क्षेत्र मिडिल ईस्ट के तेल और गैस पर बहुत ज्यादा निर्भर है, यहां की अर्थव्यवस्था आपस में गहराई से जुड़ी है और पहले से ही ऊर्जा की मांग ज्यादा थी जबकि सप्लाई कम पड़ रही थी।

# कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने ली जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

नैनीताल
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड के शहरी विकास, जलागम प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण मंत्री राम सिंह कैड़ा द्वारा मंगलवार को भीमताल विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान कैबिनेट मंत्री कैड़ा ने कहा कि जनपद नैनीताल पूरे प्रदेश का वीवीआईपी जिला है। यहाँ बड़ी संखया में पर्यटक तथा श्रद्धालु बड़ी संखया में भ्रमण के लिए आते हैं। जनपद भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद हो ताकि पर्यटक व दर्शनार्थी सुखद अनुभव लेकर जाएं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन सीजन में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो गर्मी के मौसम में पेयजल की किल्लत न हो इसलिए एहतियातन सभी वैकल्पिक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने वन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने हेतु ठोस उपाय किए जाए। उन्होंने वनाग्नि की रोकथाम हेतु अलर्ट रहते हुए तत्काल वनाग्नि रोकथाम के निर्देश दिए साथ ही इन घटनाओं को कम करने के लिए चीड़ के जंगलों से पीरूल एकत्र किया जाए ताकि जंगलों को आग से बचाया जा सकेएइस कार्य में महिला समूहों की भी सहायता ली जाय। उन्होंने कहा कि जंगलों में आग की रोकथाम के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि झीलों का जलस्तर गर्मियों में कम हो जाता हैए इसे बढ़ाने हेतु स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाएए साथ ही झील की सुंदरता के लिए भी कार्य किया जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि वन तथा कृषि विभाग आपसी तालमेल से बंदरों को पकडने की कार्यवाही करें।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न होए बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले और शिक्षा व्यवस्था में सुधार करते हुए जनपद को राज्य में प्रथम स्थान पर लाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ विद्यालयों में अध्यापकों की तैनाती के साथ ही जीर्ण शीर्ण विद्यालयों की मरममत हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सभी चिकित्सलायों में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर करने के साथ ही भीमताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने हेतु मुखयमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को तत्काल पूरी करने हेतु कार्यवाही के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को मोहैय्या कराए जाने हेतु समय समय पर चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण किया जाए। पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाए जाने हेतु सभी पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाय मुखय मुखय स्थानों में एकरूपता के व्यू पॉइंट बनाए जाय तथा साइनेज लगाए जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को जिले में अवैध रूप से या गलत तरीके बाहर रहकर यहाँ होम स्टे संचालित कर रहे हैं ऐसे सभी होम स्टे के खिलाफ कार्यवाही की जाए। बैठक में पर्यटन क्षेत्रों में आवश्यक पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएंए सभी पर्यटन क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण किया जाए।

जल संस्थान की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि गर्मियों में पेयजल की समस्या न आए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी हों। पेयजल आपूर्ति हेतु वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी की जाएं। आपात स्थिति के लिए टैंकरों की पर्याप्त व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में जो भी अधूरे कार्य हैं उन्हें पूरा कर लिया जाए किसी भी प्रकार की शिकायत न मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि हैंडपंप व नलकूप संचालन में जो भी समस्याएं हैं उनका समाधान किया जाए। उन्होंने जल संस्थान एवं पेयजल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरे कार्यों को पूर्ण करने हेतु कार्यवाही की जाय उन्होंने कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

उन्होंने सेवायोजन तथा उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही अधिक से अधिक रोजगार से जोडने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएए रोजगारपरक योजनों की जानकारी देने के साथ ही प्राथमिकता के साथ से ऋण मुहैया कराया जाएं। उन्होंने पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि पहाड़ी क्षेत्रों में उन्नत किस्म की गायए बकरी व कुक्कुट उपलबध कराया जाए।



## जीआईसी टांडी पोखराड़ में लगा विधिक साक्षरता व जगरूकता शिविर

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिले के दूरस्थ क्षेत्र श्री डूंगर सिह बिष्ट आगर राजकीय इंटर कॉलेज टांडी पोखराड में मंगलवार को एन0डी0पी0एस 0एक्ट, मोटर वाहन अधिनियम, मानव तस्करी तथा पाक्सो एक्ट के विषय पर विधिक साक्षरता व जगरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

बता दें उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि0)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारूल थपलियाल के नेतृत्व में आयोजित शिविर में प्रधानाचार्य द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया जिसके पश्चयत सिविल जज (सी0डि)/0 सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारूल थपलियाल के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलाप के बारे मे विस्तार पूर्ण जानकारी दी।शिविर में प्रधानाचार्य एस के दीक्षित, पी0एल0वी 0भवान पूरी व यशवंत कुमार मौजूद रहे।

## मांगों की अनदेखी से नैनीताल में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट भड़के

नैनीताल
हमारे संवाददाता

चारधाम यात्रा ड्यूटी से जुड़े मुद्दों को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर मंगलवार को नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में फार्मासिस्टों विरोध स्वरूप काला फीता बांधकर कार्य किया।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन नैनीताल के जिला संरक्षक आईके जोशी ने बताया कि फार्मेसिस्टों का कहना है कि चारधाम यात्रा मार्ग में ड्यूटी देने के बावजूद उन्हें यात्रा भत्ता और प्रोत्साहन भत्ता नहीं मिल रहा है साथ ही यात्रा मार्ग में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों के लिए भोजन और आवास की समुचित व्यवस्था भी नहीं होने के चलते चारधाम यात्रा 2026 के बहिष्कार के संबंध में फार्मासिस्ट विरोध स्वरूप काला फीता धारण कर राज्यकार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मांगों का समाधान नहीं होने पर चारधाम यात्रा 2026 की ड्यूटी का बहिष्कार किया जाएगा। फिलहाल विरोध के तहत काला फीता बांधकर कार्य किया जा रहा है।इस दौरान फार्मेसी ऑफिसर जेएस पवार, सीएस खनायत, हिमांगिनी पांडे, कविता कुटौला तथा पुष्पांजलि मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### रामा मॉन्टेसरी स्कूल के बच्चों ने मनायी पिकनिक



**नैनीताल** । रामा मॉन्टेसरी स्कूल की ओर से बच्चों के लिए पिकनिक का विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों को नैनीताल के समीप चारखेत नामक स्थान के एडवेंचर पार्क में ले जाया गया,जहां बच्चों ने खूब मौज मस्ती की। इस मौके पर उन्होंने कई प्रकार के झूलों का आनंद लिया। बच्चों की शारीरिक,मानसिक व शैक्षिक गतिविधियों को देखते हुए यह आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक इस आयोजन के पीछे बच्चों को पढ़ाई के साथ ही उन्हें रचनात्मक कार्यक्रमों से जोडना है।

### धरा को हरा-भरा रखने हेतु किया पौधरोपण

**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व विधानसभा प्रत्याशी राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान तहत विवाह कार्यक्रम से जोड़ते हुए डीडीहाट के गणकोट निवासी हरीश मेहरा व गीता मेहरा की पुत्री सोनी ने महिला संगीत के अवसर पर एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधा रोपण किया। सोनी ने कहा कि वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगी। कार्यक्रम में बलवंत मेहरा सहित गणमान्य उपस्थित रहे। वही डीडीहाट के हाट निवासी ललित शाह की भतीजी बिंदी ने महिला संगीत के अवसर पर धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## टैक्सी बाइकों के नियमों की सरासर अनदेखी, रैंटल के नाम पर किराए पर

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर में नियमों को ताक पर रखकर टैक्सी के रूप में पंजीकृत दोपहिया दोपहियां वाहनों को खुलेआम रैंटल बताकर किराए पर दिया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि पूरे शहर में 3 हजार से अधिक टैक्सी बाइकें इस तरह संचालित हो रही हैं लेकिन प्रशासन या विभाग की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

बता दें कि संभागीय परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार टैक्सी बाइक में ड्राइवर का होना अनिवार्य है जो सवारी को लेकर खुद वाहन को चलाएगा लेकिन यहां बिना ड्राइवर के ही वाहन किराए पर दिए जा रहे हैं, इतना ही नहीं कई मामलों में बिना वैध लाइसेंस रखने वाले लोगों को भी ये बाइकें सौंपी जा रही हैं जिससे सड़क सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे वाहनों को रैंटल के रूप में पकड़ा भी जा रहा है लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल चालान काटकर छोड़ दिया जा रहा है। इससे संचालकों के हौसले और बुलंद हो गए हैं और यह अवैध कारोबार लगातार फैलता जा रहा है।

मामले में आरटीओ (प्रवर्तन)अरविंद पाडे का कहना है कि टैक्सी बाइकों के परमिट में जारी निर्देशों को देखते हुए नियमों को ताक पर रख टैकसी बाइक वाहनों का संचालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी,वहीं दूसरी ओर नैनीताल तहसील के उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिक के मुताबिक कई लोगों की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जल्द ही संभागीय परिवहन विभाग व पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया जाएगा।

## ऑल सेंट्स कॉलेज में फेस्टिवल ऑफ मल्टिपल इंटेलिजेंस

नैनीताल
हमारे संवाददाता

ऑल सेंट्स कॉलेज में दो दिवसीय फेस्टिवल ऑफ मल्टिपल इंटेलिजेंस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या अंजना रिचर्ड्स और प्राइमरी प्लस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली की निर्देशक नीतू बेदी और सीमा जॉर्ज ने संयुक रूप से फीता काट के किया।

इस अवसर पर छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक रचनात्मकए शारीरिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने ऐरोबिकस एवं डांस गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर शारीरिक फिटनेस और मानसिक संतुलन के महत्व को समझा। वहीं वॉल कलाइबिंग, जिप लाइन तथा जॉर्बिंग जैसी साहसिक गतिविधियों ने उनमें रोमांच, साहस और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित की।रचनात्मक सत्रों के अंतर्गत डूडलिंगए आर्ट एंड क्राफ्टए स्कल्प्टिंगए पॉटरी तथा जैसमोनाइट



कीचेन निर्माण गतिविधि आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता का परिचय देते हुए आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुएँ तैयार कीं।तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देने हेतु स्क्रीन.फ्री रोबोटिक्स कार्यशाला भी आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने कोडिंग, इलेक्ट्रॉनिस तथा नवीन तकनीकों की बारीकियाँ सीखीं।दिल्ली से आई विशेषज्ञ प्रशिक्षक नीतू बेदी एवं आँचल मल्होत्रा सहित विद्यालय की शिक्षिकाओं ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

प्रधानाचार्या अंजना रिचर्ड्स ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ.साथ व्यावहारिक जीवन कौशल सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।

# अभिमत

## आत्म बोध

*प्रशंसनीय यह है कि डाक्टरों ने सिर्फ सरकार के समक्ष मांग पेश नहीं की, बल्कि आत्म बोध का भी परिचय दिया। आईएमए के पदाधिकारियों ने चिंता जताई कि कई डाक्टर चिकित्सकीय मानकों के विपरीत मरीजों को धड़ल्ले से एंटीबायोटिक लिख रहे हैं। एंटीबायोटिक दवाएं एक समय के बाद असर नहीं करती हैं। इससे मृत्यु दर में भी इजाफा हो रहा है। आईएमए को डाक्टरों की खामियां पता हैं और स्वीकार भी किया है, परन्तु दोषियों के खिलाफ कार्रवाई पर मौन साधने से नीयत पर संदेह होना स्वाभाविक है।*

डाक्टरों की प्रतिष्ठित संस्था इंडियन मेडिकल एसोसियेशन (आईएमए) से जुड़े देशभर के प्रमुख चिकित्सकों ने विभिन्न विषयों पर मंथन किया। प्रशंसनीय यह है कि डाक्टरों ने सिर्फ सरकार के समक्ष मांग पेश नहीं की, बल्कि आत्म बोध का भी परिचय दिया। आईएमए के पदाधिकारियों ने चिंता जताई कि कई डाक्टर चिकित्सकीय मानकों के विपरीत मरीजों को धड़ल्ले से एंटीबायोटिक लिख रहे हैं। एंटीबायोटिक दवाएं एक समय के बाद असर नहीं करती हैं। इससे मृत्यु दर में भी इजाफा हो रहा है। आईएमए को डाक्टरों की खामियां पता हैं और स्वीकार भी किया है, परन्तु दोषियों के खिलाफ कार्रवाई पर मौन साधने से नीयत पर संदेह होना स्वाभाविक है। सच यह है कि सरकारी से लेकर निजी चिकित्सालयों में मरीजों के साथ ज्यादातर उचित व्यवहार नहीं होता है। अपवाद को छोड़कर सरकारी अस्पतालों में मरीजों के प्रति लापरवाही का बोलबाला है। निजी अस्पतालों के मरीज को जीवित प्राणी नहीं, बल्कि कमाई का जरिया समझा जाता है। अनावश्यक जांच कराकर लूटा जाता है। महंगी से महंगी एंटीबायोटिक दवाएं इस्तेमाल की जाती हैं। दवा निर्माता कंपनियों द्वारा डाक्टरों को प्रलोभन देकर ज्यादा से ज्यादा दवाओं का इस्तेमाल कराया जाता है। ब्रांडेड कंपनियों की महंगी दवा की जगह मरीज को जेनरिक दवा लेने की सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई वर्ष पहले डाक्टरों से आह्वान किया। देशभर में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र खुलवाये और जेनरिक दवा की बिक्री को प्रोत्साहित किया। दवा निर्माता कंपनियों से भी जेनरिक दवाएं बनाने को कहा गया। डाक्टरों ने मरीज को जेनरिक दवा लेने की सलाह नहीं दी। ब्रांडेड कंपनी की दवा को ज्यादा असरदार बताया। बहुत से शहरों में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र बंद होते जा रहे हैं। दुकानदार मजबूर होकर जनऔषधि केन्द्र पर जेनरिक के साथ ब्रांडेड कंपनी की दवाएं बेचने को मजबूर हो गये। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप के दौरान भी निजी अस्पतालों की भूमिका सबसे अधिक निंदनीय रही। कोरोना के डेल्टा वेरिएंट से पीड़ित मरीज को ऑक्सीजन की जरूरत थी। बहुत से निजी अस्पतालों में ऑक्सीजन की उचित व्यवस्था नहीं थी। कोरोना वायरस के इलाज के लिए दवा भी नहीं थी। इलाज की उचित व्यवस्था नहीं होने पर भी मरीज को भर्ती करके धन वसूल किया जाता था और अनेक लोगों की मृत्यु के लिए निजी अस्पताल जिम्मेदार थे।

# जिला जज की मध्यस्थता से सुलझा अधिवक्ताओं का विवाद

### कार्य बहिष्कार समाप्त,आज से पटरी पर लौटेगा न्यायिक कार्य

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला न्यायालय में चल रहा अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार मंगलवार को जिला जज प्रशांत जोशी की मध्यस्थता के बाद समाप्त हो गया। अधिवक्ताओं ने प्रथम अपर जिला जज (विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस) की अदालत के बहिष्कार को खत्म करने की घोषणा करते हुए बुधवार (आज) से नियमित कार्य शुरू करने का निर्णय लिया।

बता दें मंगलवार को जिला जज प्रशांत जोशी स्वयं बार सभागार पहुंचे और अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट ने न्यायालयों में अधिवक्ताओं के साथ हो रही दिक्कतों और सम्मान से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया वहीं सचिव संजय सुयाल ने न्यायिक अधिकारी द्वारा समाचार पत्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किए जाने को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ बताया। जिला जज ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान आपसी संवाद और सामंजस्य के जरिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्यायिक व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा हैं और बार व बेंच एक परिवार की तरह हैं जिनके बीच किसी भी विवाद का हल बातचीत से ही संभव है साथ ही नोटिस प्रकरण के समाधान का भी भरोसा दिलाया गया।



इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एम बी सिंह, मनीष मोहन जोशी, ओंकार गोस्वामी, नीरज साह, अशोक मौलखी, दीपक रुवाली, डी जी सी सुशील कुमार शर्मा समेत कार्यकारणी सदस्य निर्मल कुमार, नीरज, मोहमद बिलाल, प्रेमा आर्या, तारा आर्या, गिरीश खोलिया, पुलक अग्रवाल, दीपक दानू, सुभाष जोशी, तरुण चंद्रा, मनीष कांडपाल, सोहन तिवारी, मुकेश कुमार, राजेंद्र भैसोड़ा, प्रदीप परगाई, शिवांशु जोशी, पूजा साह तथा कामिनी गंगवार आदि अधिवक्ता मौजूद रहें।

## कर निर्धारण समिति बैठक में कई मामलों का निस्तारण

नैनीताल । नगरपालिका सभागार में मंगलवार को कर निर्धारण समिति की बैठक अध्यक्ष ललिता दफौटी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

कर निर्धारण के कुल 24 मामलों पर सुनवाई हुई जिनका निस्तारण किया गया। 50 हजार से अधिक वाले कुल 3 मामले थे जिनका निस्तारण पालिकाध्यक्ष की उपस्थिति में किया गया। एक तरफा सुनवाई के 300 मामले थे जिनका निस्तारण किया गया। दाखिल खारिज के कुल 2 मामलों का निस्तारण किया गया। आवेदक के न पहुंचने पर 1 मामला स्थगित किया गया जिसकी सुनवाई अगली बैठक में की जाएगी। इस दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल, कर निर्धारण समिति की अध्यक्ष ललिता दफौटी, सभासद सपना बिष्ट, गीता उप्रेती, गजाला कमाल, मनोज साह जगाती, जितेंद्र कुमार पांडे, कर अधीक्षक दीपेंद्र बमौला, कर निरीक्षक वेद प्रकाश सैनी तथा भारत प्रकाश, मोहन सिंह चिलवाल, शोभा चौहान तथा दीपक पांडे आदि मौजूद रहे।

# कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में एंटी ड्रग रैली तथा एंटी ड्रग व्याख्यान का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में मंगलवार को एंटी ड्रग रैली तथा एंटी ड्रग व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व रैली को हरी झंडी दिखाकर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि मादक पदार्थ जिंदगी के लिए जहर का काम करते हैं ड्रग इंसान के अभिशाप है । उन्होंने विद्यार्थियों को एंटी ड्रग शपथ कराई। विद्यार्थियों ने इसमें बड़ी संखया में भाग लिया तथा रैली डी एस डबलू कार्यालय से प्रारंभ होकर न्यू आर्ट्स, ओल्ड आर्ट्स तथा जूलॉजी होते हुए आर्ट्स ऑडिटोरियम पहुंची । परिसर में नशा छोड़ो -जीवन जोड़ो,नशे को ना-जिंदगी को हा तथा नशा हटाओ - भविष्य बचाओ समेत नशा छोड़ो - खुशियां जोड़ो, नशा है जाल- जीवन का काल तथा नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत तथा स्वस्थ जीवन का यही है सार तथा नशा मुक्ति का करे प्रचार के नारे से गूंज उठा । संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया । दूसरे चरण में अतिथि कर्नल अजय जोशी समेत एसओ तल्लीताल मनोज नयाल ,डीएसडबलू प्रो. संजय पंत तथा डॉ हरीश बिष्ट प्राकटर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । कर्नल जोशी ने कहा के नशा कभी हमारे आस पास न आए इसके लिए हमें सावधान रहने के जरूरत है । एसओ मनोज नयाल ने कहा कि नशा का प्रयोग करने से हमें उसकी लत हो जाती है तथा फिर हमर जीवन जीने के कला ही खत्म हो जाती है तथा नशा हम पर भारी हो जाता है । डीएसडबलू प्रो. संजय पंत ने कहा कि एंटी ड्रग कार्यक्रम यूजीसी का मैंडेट है तथा सभी विद्यार्थी इससे सावधान रहे । संचालन करते हुए प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि नशे से प्रतिवर्ष हजार लोगों की मौत हो जाती है । इस दौरान परिसर के गुरुजन,कर्मी व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।




# फिल्मी दुनिया

## अजमेर दरगाह में धक्का देकर पहुंचाए शाहरुख, लाठीचार्ज



*शाहरुख खान के पूर्व बॉडीगार्ड ने बताया है कि जब शाहरुख खान अजमेर पहुंचे तो वहां भीड़ बेकाबू हो गई। उन्हें अपने आप दरगाह तक पहुंचा दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि बाद में शाहरुख का रिएक्शन कैसा था।*

*एक स्टार या पब्लिक फिगर होने का एक नुकसान यह है कि उन्हें भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने में दिक्कत होती है। ऐसे कई मौके याद आते हैं जब भीड़ ने एक्टर्स को घेर लिया और उससे अफरा-तफरी मच गई। इस तरह की कई कहानियां भी सुनने को मिलती हैं। हाल ही में एक बातचीत में सेलिब्रेटी बॉडीगार्ड यूसुफ इब्राहिम ने बताया कि जब अजमेर दरगाह में शाहरुख खान पहुंचे तो वहां कैसा नजारा था। कभी शाहरुख खान के बॉडीगार्ड रहे यूसुफ ने स्क्रीन से बातचीत में बताया कि वह और उनकी टीम एक शुक्रवार को शाहरुख खान के साथ अजमेर शरीफ दरगाह गए थे। जब शाहरुख खान यहां पहुंचे तो भीड़ बेकाबू हो गई। उन्होंने कहा मेरी जिंदगी में सिर्फ एक ही ऐसा मौका आया, जब हालात काबू से बाहर हो गए। हम एक शुक्रवार को, दोपहर करीब 12:30 बजे, शाहरुख खान के साथ अजमेर शरीफ दरगाह गए थे। नमाज का वक्त था। शुक्रवार को अजमेर में बहुत ज्यादा लोग होते हैं।*

### शाहरुख का रिएक्शन

*शाहरुख खान के बाद के रिएक्शन के बारे में बात करते हुए, यूसुफ ने बताया कि सुपरस्टार बिल्कुल भी परेशान नहीं हुए। उन्होंने कहा %उन्होंने मुझसे कभी कुछ नहीं कहा, न डांटा और न ही गुस्से में कोई रिएक्शन दिया। वह समझते हैं, उन्हें इसकी आदत है। वह जानते हैं कि लोगों का उनके लिए प्यार किसी भी हद तक जा सकता है।*

# स्कूली छात्राओं ने सीखे मशरुम उत्पादन के गुर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कालेज में मंगलवार को मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर की छात्राओं ने मशरूम बलॉक का भ्रमण किया।

इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक व पद्मश्री अनूप साह द्वारा विद्यालय में उगाए जा रहे मशरूम की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी दी तथा अपने संबोधन मे मशरूम उत्पादन की तकनीक तथा किस प्रकार इसका व्यवसायिक उपयोग कर स्वरोजगार की दिशा मे आगे बड़ा जा सकता है। पर्यावरणविद् विनोद पांडे ने मशरूम उत्पादन की इस अभिनव पहल की सराहना की तथा मशरूम के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी। स्लाइड के माध्यम से डॉ एसएस बिष्ट ने मशरूम पर विस्तृत प्रकाश डाला। मशरूम प्रभारी गीता बिष्ट ने छात्रों द्वारा इसके व्यवसायिक उपयोग की जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया। भ्रमण के दौरान मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर की शिक्षिका जूली आर्या, उल्का परीदा तथा रक्षित आदि उपस्थित थे।



## News कॉर्नर

### हल्द्वानी रोड में पार्क वाहनों को हटाने हेतु जल्द चलेगा अभियान

नैनीताल । नगर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस द्वारा सड़क किनारे पार्क वाहनों को हटाने के लिए पुलिस अभियान शुरू कर रही है। मुनादी कर पहले वाहन स्वामियों से सड़क से वाहन हटाने की अपील की जा रही है। उसके बाद भी वाहन नहीं हटाने पर टो किया जाएगा।
एसओ मनोज नयाल ने बताया कि यह कार्रवाई केवल चालान तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े न करें, अन्यथा चालान के साथ वाहनों को टो भी किया जा सकता है।

### कोतवाली में युवक-युवती को लेकर हंगामा

नैनीताल । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक और युवती को लेकर कोतवाली परिसर में हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। एक संगठन से जुड़े कुछ कार्यकर्ताओं ने दोनों को संदिग्ध मानते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया जिसके बाद कोतवाली में कई घंटों तक पूछताछ की गई। कोतवाली पुलिस के मुताबिक युवक संप्रदाय विशेष का और हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र का निवासी है जबकि युवती मध्य प्रदेश के जबलपुर की रहने वाली बताई गई है। पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वयं को बालिग बताते हुए अपनी सहमति से साथ होने की बात कही। स्थिति को देखते हुए पुलिस एवं खुफिया इकाई के कर्मी भी मौके पर मौजूद रहे। पूछताछ पूर्ण होने के बाद युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में आवश्यक तथ्यों की जांच के उपरांत ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यकारिणी का गठन: नादिर सैफी को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल के आदेशानुसार जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने संगठन को मजबूत करने के लिए और बाबा साहेब तथा कांशीराम के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए नादिर सैफी को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया है।

संगठन नेतृत्व को उम्मीद है कि नादिर सैफी अपने पद की जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा



संगठन को मजबूत करने के लिए अहम भूमिका निभाएंगे, कार्यकर्ताओ ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मुबारकबाद दी, जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने कहा कि पार्टी नेतृत्व निर्देशानुसार संगठन विस्तार का अभियान लगातार जारी है, और आने वाले समय मे भी योग्य और कर्मठ कार्यकर्ताओ को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाती रहेंगी, आफताब आलम को शुभकामनायें देने वालों मे प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल , सिराज अहमद, जीतराम, रितिक कांत, पी आर टम्टा, प्रेम राम टम्टा, आर आर लोहिया, सखावत हुसैन, अनवर अंसारी, सुंदरलाल बौद्ध, महेश चंद्र आर्य, आकाश भारती, शालिनी भारती, रजनीश कांत, आफताब आलम, बी एल आर्य, बालकिशन राम, इरशाद अहमद, मनोज कुमार आदि रहे।

# सांसद भट्ट ने मोबाइल टॉवर और बिजली व्यवस्था का आग्रह किया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रधान महाप्रबंधक भारतीय दूरसंचार सेवा संजय प्रसाद को पत्र लिखते हुए तत्काल जनपद नैनीताल के अन्तर्गत वि0ख0 ओखलकाण्डा ग्राम पुटपुड़ी, तुसराड़, पो0 तुसराड़ में स्थित श्री देवगुरू जी मंदिर में सोलर सहित 4G BTS मोबाइल टॉवर और बिजली व्यवस्था स्थापित किये जाने का आग्रह किया है।

भट्ट ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और प्रधान महा प्रबंधक कुमाऊं भारतीय दूरसंचार सेवा को पत्र लिखते हुए कहा है कि कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत वि0ख0 ओखलकाण्डा ग्राम पुटपुड़ी, तुसराड़, पो0 तुसराड़ में



स्थित श्री देवगुरू जी का बहुत ही प्राचीन मंदिर है। श्री देवगुरू मंदिर के बारे में देश एवं दुनिया के भक्तगणों का आना-जाना लगातार लगा रहता है। ऐसी मान्यता है कि बृहस्पति देव, साक्षात् यहां वास करते है तथा हर एक की मनोकामना पूर्ण करते है।उन्होंने कहाँ अभी हाल ही में इसी महीने, परम श्रद्धेय साध्वी उमा भारती जी, जो पूर्व में मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री एवं केन्द्र में मंत्री रही है, का आना भी हुआ है। श्री देवगुरू मंदिर के पूज्य संत प्रेमानंद जी एवं पूर्व राजस्व अधिकारी श्री भुवन चन्द्र कफल्टिया जी द्वारा, इस महान एवं पवित्र श्रद्धा के मंदिर में आज तक दूरभाष (ञ्दद्मद्धक्ष्द्धश्वक्ुद्ध) / लाईट की कोई सुविधा नहीं होने के बारे में मुझे अवगत कराया है। वास्तव में इतने महत्वपूर्ण स्थान पर आज तक टॉवर और बिजली नहीं होना अपने आप में एक गंभीर विषय है। वि0ख0 ओखलकाण्डा ग्राम पुटपुड़ी, तुसराड़, पो0 तुसराड़ में स्थित प्राचीन श्री देव गुरू मंदिर में दूरभाष की सुविधा हेतु सोलर सहित मोबाइल टॉवर लगाया जाना जनहित में अति आवश्यक है, क्योंकि अभी तक यहां विद्युत नहीं पहुंची है। भट्ट ने कहा कि जनहित में उपरोक्त स्थान पर स्थित श्री गुरू देव मंदिर पर बिजली की व्यवस्था और तत्काल सोलर सहित 4G BTS मोबाइल टॉवर लुगाना सुनिश्चित क्या जाना बेहद आवश्यक है।

# भगवान की अदभुत लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

यूनिवर्सल कॉन्वेंट स्कूल के समीप आयोजित श्रीमद भागवत कथा के का कार्यक्रम बड़े ही भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा।

कथा वाचक परम पूज्य पंडित ललित पांडे , संस्थापक श्री भगवत सेवा धाम आश्रम द्वारा आज के दिन भगवान की दिव्य लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण एवं सरल शैली में वर्णन किया गया। उनके मुखारविंद से निकली अमृतमयी वाणी को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और पूरे मनोयोग एवं श्रद्धा के साथ कथा का रसपान किया।

कार्यक्रम के दौरान भक्तगण भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान के नाम का गुणगान करते रहे। आयोजन स्थल पर अनुशासन एवं व्यवस्था सराहनीय रही। आयोजकों द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए उत्तम व्यवस्थाएं



की गई हैं। कथा का यह पावन आयोजन आगामी दिनों में भी इसी प्रकार भक्तिमय वातावरण में जारी रहेगा। ओर आचार्य दीप चन्द्र पाण्डे जी के वेद मंत्रों से पूरा वातावरण मंगलमय ओर शुद्ध बना रहा।

इस मौके पर धन सिंह ऐरी जी, किरण सिंह माहारा, डॉक्टर नवीन लोहनी, हिम्मत सिंह बोहरा, कैलाश चंद पांडे, धर्म सिंह मेहरा, दिनेश चंद पांडे, मुकेश सती राजेंद्र धामी श्याम सुंदर कांडपाल चंदन मेहरा भुवन चंद पाठक पीतांबर जोशी जगदीश कांडपाल श्रीमती तारा ऐरी आशा मेहरा मीरा कार्की आशा अंडोला नीतू पांडे हीरा बोरा हेमलता कांडपाल हेमा जोशी तनुजा कांडपाल सुनीता लोहनी आदि मौजूद रहें।

# टैक्स बार एसोसिएशन चुनाव का बिगुल बजा, 02 मई को होगा मतदान

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी टैक्स बार एसोसिएशन के आगामी चुनावों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। एसोसिएशन की आम सभा में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार, इस वर्ष के चुनाव आगामी 02 मई को संपन्न कराए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सभा ने वरिष्ठ सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

चुनावों के सफल संचालन के लिए विनय टंडन, संजय पांडे और मनोज भंडारी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त चुनाव अधिकारियों ने विस्तृत चुनावी कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चयन के लिए पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन की प्रक्रिया 25 अप्रैल से शुरू होकर 29 अप्रैल तक चलेगी। इसके बाद, जो प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहते हैं, वे 30 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे। अंतिम रूप से मैदान में बचे उम्मीदवारों के लिए 02 मई को मतदान कराया जाएगा, जिसके तुरंत बाद परिणामों की घोषणा होने की संभावना है। आम सभा में लिए गए इन महत्वपूर्ण निर्णयों के बाद एसोसिएशन के सदस्यों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### पालिका के कूड़ा निस्तारण कर्मियों को वेतन के पड़े लाले

नैनीताल । नैनीताल में नगर पालिका क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा निस्तारण कार्य से जुड़े कार्मिकों को बीते दो माह से वेतन और पीएफ नहीं मिला है जिसके चलते इन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मंगलवार को सभासद अंकित चंद्रा ने नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वेतन दिलवाने की मांग करी कहा कि यदि जल्द भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया तो वह धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

# धानाचुली: सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री बनी परेशानी का सबब

धारी
हमारे संवाददाता

क्षेत्र के धानाचुली बाजार में बाहरी लोगो ने सड़क पर रेता बजरी पत्थर उतारा गया है जिसके चलते छात्र छात्राओं को विद्यालय जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इतना ही नहीं यहां पर बाईक वाले भी रपट गए हैं व एकसीडेंट होने का खतरा बना हुआ है शायद प्रशासन भी किसी अनहोनी का इन्तजार कर रहा हैं। बता दें लोनिवि के अधिकारी जबकि रात दिन इस मार्ग




से जाते रहते हैं अधिकारियों की भी नजर भी नहीं पड़ी है। इस सबंध में लोनिवि जेई कृष्ण कुमार का कहना है कि जल्द ही उक्त मार्ग से इसको हटाया जायेगा। एसआई एच आर आर्या का कहना है कि जांच कर उक्त व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

# नैनीताल में बढने लगी है गर्मी पारा पहुंचा 29 डिग्री सेल्सियस

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार को पारा 29 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है जिस कारण खासी गर्मी महसूस होने लगी। मंगलवार को तेज हवाओं के साथ बादलों का आना जाना लगा रहा।

तेज हवा और बादलों का आना जाना भले ही लगा रहा लेकिन तापमान उच्च स्तर पर बना रहा। जिस कारण गर्मी का एहसास पूरे दिन रहा । शाम होते ही हवाओं का दौर अधिक तेज गया जो देर शाम तक जारी था। इधर मौसम विभाग के पश्चिमी के कारण



मौसम में बदलाव आया है। जिस कारण प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से हल्की बारिश संभावना आने वाले दिनों में जारी रहेगी। तेज हवाएं भी चलेंगी जबकि 4 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात की संभावना भी रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 29 व न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# पत्नी के लापता होने से हड़कंप, दी तहरीर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

राजपुरा पड़ाव क्षेत्र से एक महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पति द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

राजपुरा पड़ाव निवासी विक्की कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी सर्वेश देवी 32 वर्ष 20 मार्च की सुबह करीब 8:00 से 8:30 बजे के बीच घर से बिना बताए कहीं चली गई। उस समय विक्की कुमार अपनी ड्यूटी पर थे। जब वे घर लौटे तो पत्नी घर पर नहीं मिलीं। पति ने बताया कि उन्होंने अपने सभी रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन कहीं से भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। यह भी बताया गया कि घटना से एक रात पहले पति-पत्नी के बीच मामूली मनमुटाव हुआ था, जिसके बाद अगली सुबह महिला घर छोड़कर चली गई।

### नाराज होकर घर से गया किशोर किलवरी के पास मिला सुरक्षित

नैनीताल । नगर के मल्लीताल क्षेत्र से एक किशोर के नाराज होकर घर से चले जाने से परिजनों में हड़ंप मच गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब किशोर का कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों और स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया का सहारा लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किशोर सुबह किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गया था। परिजन दिनभर उसकी तलाश में जुटे रहे लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद सोशल मीडिया पर उसकी जानकारी साझा की गईए जिससे लोगों तक सूचना तेजी से पहुंची। इसी बीच किलवरी के समीप स्थानीय लोगों को किशोर दिखाई दिया।